शिक्षा संस्कार ॐ सहभागिता समरसता

बांसवाड़ा परियोजना

कार्यालय -भारत माता मन्दिर, राती तलाई, बांसवाड़ा (राज.) 327001
फेक्स : 02962-240018, फोन नं. 02962-240018, मो. नं. 9414101912, 9414102261
Email : bharatmatamandirnyas@gmail.com ♦ Website : www.banswarapariyojana.com

सत्संग प्रमुख प्रशिक्षण वर्ग

बांसवाड़ा परियोजना द्वारा आयोजित सत्संग प्रमुख प्रशिक्षण वर्ग में विश्व हिन्दू परिषद् के केंद्रीय मंत्री एवं सत्संग प्रमुख श्री बसंत रथ जी का दो दिवसीय प्रवास बांसवाड़ा परियोजना में हुआ। 11 जनवरी 2020 को बांसवाड़ा परियोजना द्वारा संचालित विद्या निकेतन बोरदिया, रायपुर , बांसलाई एवं घोड़ी तेजपुर विद्यालयों का अवलोकन कर छात्रों को आदर्श शिक्षा के विषय में चर्चा की। साथ ही उत्तम प्रबंधन हेतु प्रधानाचार्यों से विचार मंथन हुआ।
दिनांक 12 जनवरी 2020 को बांसवाड़ा से 40 किलोमीटर दूर भीलकुआं में कुशलगढ़ एवं बागीदौरा तहसील के सत्संग प्रमुख एवं कोतवालों का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ जिसमें 27 गाओं से 55 प्रमुखों ने वर्ग में भाग लिया। इस प्रशिक्षण वर्ग में माननीय बसंत रथ जी , राजस्थान क्षेत्र के सत्संग प्रमुख श्री राधेश्याम जी शर्मा तथा विश्व हिन्दू परिषद् के केंद्रीय सह मंत्री श्री रामस्वरूप जी महाराज का मार्गदर्शन एवं पाथेय प्राप्त हुआ।

पदाधिकारी सत्संग प्रमुखों को सम्बोधित करते हुए

कार्यकर्ता चिंतन वर्ग

बांसवाड़ा परियोजना की समुचित संभाल हेतु पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं की टोली निरंतर क्षेत्र में प्रवास कर कार्य को संभालती है। ऐसे समर्पित कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय चिंतन वर्ग वर्ष में

सौभाग्य से इस अवसर पर राजस्थान एवं गुजरात प्रान्त के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री गोपाल जी का मार्गदर्शन एवं प्रेरणा प्राप्त हुयी।
इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में बौद्धिक , शारीरिक , विद्यालयों का संस्कार पक्ष , कार्यकर्ता का विकास समर्पण भाव एवं क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के समाधान हेतु चिंतन मंथन एवं गहन चर्चा हुयी। इस वर्ग में श्री रामस्वरूप जी महाराज , संघ के विभाग प्रचार प्रमुख श्री अमित जी चौधरी का सान्निध्य प्राप्त हुआ। वर्ग की साड़ी व्यवस्थाएं स्थानीय समाज जान एवं कार्यकर्ताओं ने पूर्ण की।

पूर्णकालिक कार्यकर्ता सम्मलेन

हिन्दू युवा सम्मलेन एवं प्रकल्प दर्शन

विश्व हिन्दू परिषद् के अखिल भारतीय महामंत्री श्री मिलिंद परांडे जी का बांसवाड़ा परियोजना में तीन दिवसीय प्रवास 29 से 31 जनवरी में हुआ।
सघन प्रवास के अंतर्गत उदयपुर जिले के असारीवाड़ा , बायड़ी एवं डूंगरपुर जिले के खेमरू , करवाड़ा तथा गंधवपाल विद्या निकेतनों का अवलोकन कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। तत्पश्चात बांसवाड़ा जिले की घाटोल तहसील में विद्या निकेतन वाड्गुण एवं खेरवा का अवलोकन किया। उन्होंने बांसवाड़ा परियोजना के द्वारा संचालित श्री राम उच्च माध्यमिक विद्या निकेतन सज्जनगढ़ एवं छात्रावास में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं से चर्चा की एवं भविष्य में जीवन की दिशा कैसी हो और देशसेवा में उद्धृत रहे ऐसा सन्देश दिया ।
प्रवास के दौरान परियोजना दवा गठित 2 ट्रस्टों के सम्माननीय पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गयी जिसमें 18 पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के प्रारम्भ में परियोजना के मंत्री श्री सुरेश जी उपाध्याय ने परियोजना के कार्य की प्रस्तावना रखी, उसके उपरांत श्री मिलिंद परांदे जी ने बैठक को सम्बोधित किया। श्री परांडे जी ने स्थानीय प्रबंध कार्यकारिणी के 214 पदाधिकारियों का एक सम्मलेन भारत माता मंदिर बांसवाड़ा में संपन्न हुआ जिसमे श्री मिलिंद जी का मार्गदर्शन एवं परियोजना के सचिव श्री सुरेश उपाध्याय व् परियोजना प्रमुख श्री रामस्वरूप

रामद्वारा के संत रामप्रकाश जी के संरक्षण में , श्री दीपक मोची (अध्यक्ष मोची समाज , बांसवाड़ा जिला) की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद् के केंद्रीय सह मंत्री श्री रामस्वरूप जी महाराज , तथा राजस्थान प्रान्त के क्षेत्रीय मंत्री श्री सुरेश उपाध्याय जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. कार्यक्रम में हिन्दू समाज के सैंकड़ों नवयुवकों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा यह संकल्प भी दोहराया की जब भी राम की जन्मभूमि अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर निर्माण प्रारम्भ होगा वागड़ की धरा से सैंकड़ों नवयुवक कर सेवा हेतु अयोध्या कुछ करेंगे एवं क्षेत्र में विघटनकारी ताकतों के द्वारा फैलाये जा रहे भ्रम को जन जागरण के माध्यम से नवयुवक सजग रह कर समाज को संगठित करने में लगेंगे।
कार्यक्रम में आये हुए सभी जनों के भोजन की व्यवस्था बांसवाड़ा नगर की माताएं बहनों ने भोजन के पैकेट देकर पूर्ण की।
माननीय परांडे जी के प्रवास के दौरान कुशलगढ़ एवं बागीदौरा क्षेत्र के नवयुवक बंधुओं के साथ भीलकुआं केंद्र पर हिन्दू युवा समेलन आयोजित हुआ जिसमें 1800 से अधिक नवयुवकों की उपस्थिति 72 गाँवों से रही। इस अवसर पर पर परियोजना द्वारा संचालित वेद पाठशाला के भील विद्यार्थियों ने वेद पाठ कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर श्री नरसिंघ गिरी महाराज (दौलपुरा), फूलचंद पारगी (समाजसेवी) व् अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

मानीनीय मिलिंद परांडे जी,अखिल भारतीय महामंत्री, विश्व हिन्दू परिषद् के प्रवास के विभिन्न आयाम

*Copyright © *2020* *BANSWARA PARIYOJANA*, All rights reserved.*

Our mailing address is:
BHARATMATAMANDIRNYAS@GMAIL.COM

Want to change how you receive these emails?
You can update your preferences or unsubscribe from this list.

This email was sent to <<Email Address>>
why did I get this? unsubscribe from this list update subscription preferences
Bharat mata mandir · Bharat mata mandir · rati talai · Delhi, 110009 · India